हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 10 जनवरी 2026

04 जिलेभर में स्थापित सभी उद्योग जून तक कोयले ...

08 कॉलोनाइजर की मंशा पर प्रशासन सख्त निजी हितों ...




### पड़ताल के दौरान परिसर में नजर आई गंदगी, वाटर कूलर खराब, छात्र बोले : डाइट भी बराबर नहीं दी जा रही

# प्रबंधन की अनदेखी के चलते आवासीय खेलकूद संस्थान में खिलाड़ियों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

पड़ताल में सामने आया कि संस्थान के भीतर लगा वाटर कूलर सालों से शोपीस बना हुआ है। मजबूरी में छात्र सीधे छतों पर रखी टंकियों का पानी पी रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए जिला मुख्यालय पर स्थापित प्रदेश का एकमात्र आवासीय खेलकूद संस्थान इन दिनों अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है। सुविधाओं के नाम पर करोड़ों के बजट वाले इस संस्थान में भविष्य के खिलाडियों को न तो ढंग का खाना मिल रहा है और न ही पीने को साफ पानी। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि यहां की तुलना पिछले दिनों विवादों में रहे कोठरी स्थित वीआईटी कॉलेज से की जाने लगी है, जहां दूषित भोजन और पानी के चलते एक छात्रा की जान चली गई थी।

पड़ताल में सामने आया कि संस्थान के भीतर लगा वाटर कूलर सालों से शोपीस बना हुआ है। मजबूरी में छात्र सीधे छतों पर रखी टंकियों का पानी पी रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इन टंकियों की सालों से सफाई नहीं हुई है। इसी दूषित पानी का उपयोग मेस में खाना बनाने के लिए भी किया जा रहा है। मेस के भीतर चारों ओर गंदगी का साम्राज्य है, जो संक्रामक बीमारियों को खुला निमंत्रण दे रहा है।





### कच्ची रोटियां और मेन्यू से गायब डाइट

खिलाडियों को मिलने वाली डाइट के नाम पर यहां केवल खानापूर्ति हो रही है। छात्र हेमंत परमार ने बताया कि मेस में रोटियां अक्सर कच्ची दी जाती हैं। मेन्यू के अनुसार पोषण युक्त भोजन नहीं मिलता। नियमों के मुताबिक ठंड की शुरुआत से ही डाइट में अंडे शामिल होने थे, लेकिन लापरवाही का आलम यह है कि इन्हें अब देना शुरू किया गया है।

### दूषित पानी से छात्र हुआ बीमार

संस्थान की लापरवाही का सबसे बड़ा शिकार 9वीं का छात्र योगेंद्र यादव हुआ। दूषित पानी पीने की वजह से योगेंद्र को पीलिया हो गया। हालत इतनी बिगड़ी कि उसे इलाज के लिए अपने घर जाना पड़ा, जहां वह 15 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहा। हाल ही में स्वस्थ होकर लौटे योगेंद्र की आपबीती यहां के अन्य छात्रों के डर को और बढ़ा रही है।

### वीआईटी कांड से कोई सबक नहीं लिया

बीते महीनों कोठरी स्थित वीआईटी कॉलेज में गुणवत्ताहीन भोजन के कारण अनेक छात्रों को पीलिया हुआ था और एक छात्रा की मौत के बाद 4000 छात्रों ने कैंपस में भारी तोडफ़ोड़ व आगजनी की थी। मामला विधानसभा से लेकर राज्यसभा तक गूंजा था, जिससे जिले की छवि खराब हुई थी। खेलकूद संस्थान के मौजूदा हालात भी उसी दिशा में इशारा कर रहे हैं। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यहां भी आक्रोश की चिंगारी भडक़ सकती है।

### निरीक्षण करूंगा

मेस प्रबंधन की लापरवाही को लेकर उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है। संस्थान की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जल्द ही सुधार के निर्देश दिए जाएंगे ताकि छात्रों को कोई असुविधा न हो।

**आलोक शर्मा,** प्राचार्य आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर

## खबर संक्षेप

### सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन 18 जनवरी से

**सीहोर।** शहर के इतिहास में पहली बार प्राचीन करोली माता मंदिर में आगामी 18 जनवरी से 27 जनवरी तक प्रतिदिन सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह है। आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर आदि को शामिल किया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रवासियों के अलावा यज्ञकर्ता सहित विप्रजन भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। यज्ञ का शुभारंभ मौनी अमावस से पूर्ण विधि-विधान के साथ किया जाएगा। पहले दिन भव्य कलश यात्रा हेमाद्री दोपहर तीन बजे और 19 जनवरी को अग्नि स्थापना नित्य हवन पूजन सुबह सात बजे से पांच बजे तक जारी रहेगी। यज्ञ आचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में देश भर से आए 108 विप्रजनों के द्वारा दिव्य अनुष्ठान समापन कराया जाएगा।

### धान उपार्जन की अवधि 20 जनवरी तक

**सीहोर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की अवधि 20 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके साथ ही धान विक्रय हेतु किसानों को 13 जनवरी 2026 से स्लॉट बुकिंग की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर बालागुरु के. ने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपार्जन अवधि एवं स्लॉट बुकिंग की जानकारी का सभी स्तरों पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान समय पर पंजीयन कर स्लॉट बुक कर सकें और समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त कर सकें। किसानों से अपील है कि वे तिथियों के भीतर पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग कर अपने नजदीकी उपार्जन केंद्रों पर धान विक्रय करें।

## आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने नपा अधिकारी से की शिकायत

**सीहोर।** कस्बा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 31, 32 एवं 33 के नागरिकों ने नगर पालिका अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की है कि कस्बा क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या अधिक बड़ जाने से आम जन काफी भयमित हो गया है। आवारा कुत्तों द्वारा बच्चों को स्कूल जातें समय हर कभी काट लिया जाता है एवं आए दिन कुत्तों के द्वारा किसी न किसी आम जन को काटा जाता है। जिससे की जान लेवा संक्रमण रेवीज़ के फेलने की संभावना बड़ रहीं है। वार्ड कमांक 31, 32, एवं 33 में कुत्तों की संख्या अधिक बड़ जाने से वार्ड वासियों को काफी कठिनाई हो रही है एवं रास्ते से निकलने में भी परेशानी आती है।

आवारा कुत्तों के संबंध में संबंधित वार्ड पार्षदों से भी शिकायत करने पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कुत्तों की संख्या अधिक होने से एवं कुत्तों द्वारा प्रतिदिन किसी न किसी को काटें जाने की घटना से आम जन अपने घर से निकलने में भयमित हो चुका है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि उचित कार्यवाही कर आवारा कुत्तों को पकड़वाकर अन्यंत्र स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि आम-जन भय मुक्त होकर शांति पूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें।

## चर्च मैदान पर खेली जाएगी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**सीहोर।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से शहर के चर्च मैदान पर आगामी दिनों में होने वाली खेलो एमपी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को जिले के सभी ब्लाकों के अलावा शहर सहित आस-पास के करीब 50 से अधिक बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया ट्रायल में हिस्सा लिया। ट्रायल को लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने एक चयन समिति का गठन किया है। जिसमें सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, सुयश कन्नोजिया, अताउल्ला खान और दीपक अहिरवार आदि को शामिल किया गया है।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आगामी दिनों में होने वाली खेलो एमपी फुटबाल प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को आष्टा, इछावर, नसरुल्लागंज, सीहोर सहित आसपास के इच्छुक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके बाद टीम का गठन कर अंडर-19 प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं मैदान पर अभ्यास सत्र के अलावा मैच का आयोजन भी किया जा रहा है।



गुरुवार की शाम को समिति के द्वारा गठित चयनकर्ताओं ने यहां पर आने वाले खिलाड़ियों के आधार कार्ड सहित प्रशिक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पंजीकृत खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा एसोसिएशन के पंजीकृत क्लब और खिलाड़ी ही आगामी दिनों में जिले भर में होने वाली प्रतियोगिता के लिए पात्र माने जाऐंगे। गुरुवार की शाम को जूनियर टीम के मध्य एक रोमांचक मैच खेला गया था। इसमें सीहोर रेड ने सीहोर ग्रीन को 1-0 से हराया। इस मुकाबले में सीहोर रेड की ओर से एक मात्र गोल राजनाथ ने किया।

## कमल मंडलोई ने संभाला मां बगलामुखी मंदिर प्रबंधन का कार्य





**नलखेड़ा।** शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई ने मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। डिप्टी कलेक्टर मंडलोई मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर मंदिर प्रबंधन का कार्य संभाला। इस मौके पर तहसीलदार एवं पदेन सचिव मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति सचिव प्रियंक श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यभार संभालने के बाद मंडलोई से स्थानीय जनप्रतिनिधियों भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी पार्षद गोवर्धन वेदिया आदि ने भेंट कर उनका स्वागत किया। मंदिर के मुख्य पुजारी मनोहरलाल भिलाला ने माता रानी की चुनर ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।

## नन्हे कलाकारों ने दिखाई पर्यावरण और संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विकासखंड के पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में बेगलेस डे के अवसर पर आयोजित चित्रकला एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता से सबका दिल जीत लिया। पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में बेगलेस डे के उत्सव को यादगार बनाने के लिए चित्रकला एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण प्रकृति की सुंदरता देवी-देवताओं की आस्था आदर्श परिवार हिंदी दिवस स्वामी विवेकानंद के आदर्शों तथा राष्ट्रीय प्रतीकों जैसे गौरवशाली विषयों पर अपने नन्हे हाथों से रंग-बिरंगे चित्र बनाकर और पोस्टर तैयार कर अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। यह गतिविधि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक हेमराज पाटीदार के निर्देशन में संपन्न हुई। इस दौरान बच्चों में जबरदस्त उत्साह और जोश देखा गया। यह इस बात का प्रमाण था कि जब उन्हें सही मार्गदर्शन और स्वतंत्र अभिव्यक्ति का अवसर मिलता है तो वे कितने सुंदर और अर्थपूर्ण संदेश रंगों के माध्यम से दुनिया को दे सकते हैं। यह प्रतियोगिता न केवल बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को निखारने का माध्यम बनी बल्कि पर्यावरण संस्कृति राष्ट्रीयता और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को भी उजागर करने में सफल रही।







## पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड आज

**नलखेड़ा।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर नगर में प्रभात फेरी, सुंदरकांड एवं महाआरती के साथ कन्या पूजन व भंडारे का कार्यक्रम 11 जनवरी को आयोजित होगा। चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति द्वारा समस्त नगरवासी के सहयोग से अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 2 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार शाम 7 बजे से श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन होगा।



रविवार को प्रातः 05.30 बजे नगर में प्रतिदिन अनुसार प्रभात फेरी निकाली जाएगी। सायं 3 बजे महाआरती 3.30 बजे कन्या पूजन के साथ सायं 4 से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें नगर सहित आसपास के ग्रामों से भी भक्तजन हजारों की संख्या में भाग लेंगे।

### एडीएम ने ली बैठक, योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचूरेशन लाने के निर्देश

## 4 चरणों में आयोजित होगा संकल्प से समाधान अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासन के निर्देशानुसार चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन लाने के लिए प्रदेश के साथ ही आगर मालवा जिले में विकसित भारत अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस युवा दिवस 12 जनवरी से संकल्प समाधान अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 31 मार्च तक चार चरणों में संपन्न होगा। अभियान के चरणबद्ध लेकर शुक्रवार को अपर कलेक्टर आरपी वर्मा की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई।

अपर कलेक्टर ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान का प्रथम चरण में 12 जनवरी से प्रारंभ होगा, जिसमें 15 फरवरी तक डोर-टू-डोर हितग्राही मूलक योजनाओं में सैचुरेशन के लिए सर्वे किया जाएगा। द्वितीय चरण में 16 फरवरी से कलस्टर स्तर पर शिविर आयोजित किये जाएंगे। तृतीय चरण में ब्लॉक स्तर पर शिविर का आयोजन होगा तथा चतुर्थ चरण में 26 मार्च से जिला स्तर पर शिविर आयोजित किया जाएंगे। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन की हितग्राही मूलक योजना में सैचुरेशन लाने हेतु पंचायत सचिव, सहायक सचिव, पटवारी, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व अन्य विभागों के मैदानी अमला दल बनाकर डोर-टू-डोर जाकर सर्वे करें। शासन की योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति नहीं छूटे। उन्होंने निर्देश दिए की क्लस्टर स्तर पर शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें लाभान्वित करें। शिविरों हेतु क्लस्टर स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अभियान को गंभीरता से लें, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएं। बैठक में एसडीएम आगर मिलिन्द ढ़ोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, परियोजना अधिकारी जितेन्द्र सिंह सेंगर सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रथम चरण 12 जनवरी से, डोर-टू-डोर होगा सर्वे



## हिंदू महासम्मेलन के लिए घर-घर जाकर पीले चावल के साथ दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। हिंदू जागरण की दिशा और नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने सर्व हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सनातनी बंधुओं के घर जाकर व पीले चावल के साथ में हिंदू सम्मेलन के सह परिवार आने के लिए निमंत्रण पत्र देने का कार्य हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के सदस्य द्वारा दिए जा रहे हैं। कानड़ मंडल अंतर्गत चांनदगांव, बीजनाखेड़ी, पचलाना, कुंडला खुर्द, इन मंडल में निमंत्रण और पीले चावल के साथ हिंदू महा सम्मेलन में शामिल होन का निमंत्रण दिए गए हैं। 11 जनवरी को होने वाला हिंदू सम्मेलन जो चांनदगांव व हनुमान मंदिर बटावदा में होने जा रहा है।





### कानड़ में 18 और 25 जनवरी को होगा सम्मेलन

वहीं कानड़ नगर की माधव बस्ती में 18 जनवरी व 25 जनवरी को केशव बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इस महा सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में आने वाले सभी सनातनी बंधुओं का समरसता भोज का आयोजन होगा।

## खबर संक्षेप

### आचार्य श्री नवरत्न सागर की पुण्यतिथि पर आयोजित की धर्म सभा



**बागली।** समाजसेवी जयंतीलाल नाहर ने आचार्य श्री नवरत्न सागर की दसवीं पुण्यतिथि पर आयोजित धर्म सभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे प्रेरणा स्त्रोत आचार्य श्री नवरत्न सागर महाराज साहब तप, संयम साधना के पथ के महान साधक थे। इस अवसर पर बागली के दिवंगत वरिष्ठ समाजसेवी हेमराज नाहर एवं गुलाबबाई नाहर की पुण्यतिथि भी उनकी स्मृति के साथ मनाई। वक्ताओं ने उनके दानशील, धर्मशील व्यक्तित्व, कृतित्व की प्रशंसा की। इस अवसर पर समाजसेवी ज्ञानचंद बोथरा एवं जीतमल बम, श्वेता नाहर, बसंत बडौला अधिवक्ता प्रवीण चौधरी आदि ने धर्म सभा में अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विनय बोथरा ने किया। ज्ञानचंद नाहर की ओर से सभी को नवकारसी एवं स्वामी वात्सल्य कराया, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक समरसता के भाव से धर्म अनुरागी लोग मौजूद थे। आयोजन के सूत्रधार एडवोकेटअखिल नाहर, अर्पित नाहर, अभिलाष नाहर थे।

### कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में देवास जिले के उद्योगपतियों की बैठक आयोजित

# जिलेभर में स्थापित सभी उद्योग जून तक कोयले से सीएनजी में शिफ्ट हों: कलेक्टर

**सीएसआर फंड का उपयोग केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रखकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास जैसे अन्य क्षेत्रों में भी करें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में देवास जिले के उद्योगपतियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्योगों द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत योगदान बढ़ाना, उद्योगों को फॉसिल फ्यूल से सीएनजी में शिफ्ट होने की प्रक्रिया को तेज करना था। बैठक नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम अभिषेक शर्मा, उद्योगसंघ के पदाधिकारी, उद्योगपति सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने उद्योगों के सीएसआर योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सीएसआर समाज के समग्र विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सीएसआर फंड का उपयोग केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास आदि विविध क्षेत्रों में योगदान देकर जिले को और अधिक समृद्ध बनाया जा सकता है।कलेक्टर सिंह ने प्रदूषण नियंत्रण पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं एक प्रमुख प्रदूषण का कारण है। उन्होंने सभी उद्योगों को निर्देशित किया कि जो कंपनियां अभी तक कोयले से



सीएनजी में शिफ्ट नहीं हुई हैं, वे जून 2026 के अंत तक अनिवार्य रूप से सीएनजी में परिवर्तन कर लें। ऐसा न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने सभी उद्योगपतियों से अपील की कि वे जिले के विकास में सक्रिय भागीदार बनें और सामाजिक, पर्यावरणीय तथा आर्थिक विकास के लिए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। बैठक में उद्योगपतियों ने सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि उद्योगों के सहयोग से जिले में कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जाएं। इन केंद्रों के माध्यम से छात्रों को उद्योगों की आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षित किया जाये, जिससे उन्हें शीघ्र ही रोजगार प्राप्त हो सके और उद्योगों को भी कार्य के लिए आवश्यता अनुसार प्रशिक्षित छात्र मिल सकें। बैठक में कलेक्टर ने बताया देवास में माताजी टेकरी पर देवीलोक बनाया जाना प्रस्तावित है। देवीलोक का निर्माण तीन चरणों में किया जाएगा। इससे न केवल देवास में पर्यटन क्षेत्र का तेजी से विकास होगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे और इससे देवास जिले को एक और नई पहचान मिलेगी। उन्होंने सभी उद्योगपतियों से इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में सक्रिय सहभागिता करने का आग्रह किया तथा कहा कि सबके सामूहिक प्रयासों एवं सहयोग से ही यह परियोजना सफल हो सकेगी।

# बायपास पर मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**सिविल लाइन पुलिस जांच में जुटी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के नौसराबाद बाईपास पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अर्जुन नगर निवासी 42 वर्षीय राकेश मालवीय, पिता देवीसिंह मालवीय के रूप में हुई है। मामले की जांच सिविल लाइन पुलिस कर रही है।

पुलिस के अनुसार, राकेश का शव बीती रात नौसराबाद पशु हाट के पास मिला। बताया गया है कि राकेश रात को खाना खाने के बाद घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे।परिजनों ने राकेश की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि राकेश के गले पर गहरा निशान है, जिससे लगता है कि उसका गला रेता गया है।

परिजनों के मुताबिक, शरीर पर किसी अन्य तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं।राकेश सिलावटी का काम करते थे और उनके तीन बच्चे हैं। रात करीब दो बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली।

शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो सकेगी। सिविल लाइन थाना प्रभारी हितेश पाटिल ने बताया कि फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

# गर्भगृह में प्रतिबंध के विरोध में भारत तिब्बत समन्वय संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देशभर में प्रसिद्ध माता चामुंडा टेकरी पर गर्भगृह के अंदर होने वाली परम्परागत नियमित आरती एवं भक्तों को गर्भगृह के अंदर से करने पर प्रतिबंध को लेकर हिंदू समाज में आक्रोश व्याप्त है।

भारत तिब्बत समन्वय संघ, जिला देवास (मालवा प्रांत) द्वारा माता चामुण्डा मंदिर गर्भग्रह में आरती एवं दर्शन पर लगाई गई रोक के विरोध में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि प्राचीनकाल से चामुंडा माता मंदिर के गर्भगृह में नियमित एवं परम्परागत रूप से आरती होती आ रही है, लेकिन विगत एक सप्ताह से कलेक्टर के आदेश का हवाला देते हुए पुजारियों द्वारा भक्त मंडल को बाहर से आरती करने के लिए कहा जा रहा है तथा गर्भगृह की आरती के दौरान भक्तों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। इस निर्णय से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस



पहुंची है। भारत तिब्बत समन्वय संघ ने यह भी आरोप लगाया कि कोरोना काल के दौरान अस्थाई रूप से गर्भगृह में दर्शन बंद किए गए थे, लेकिन वर्षों बाद भी आम श्रद्धालुओं को गर्भगृह में दर्शन की अनुमति नहीं दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर, बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों से राशि लेकर विशेष पूजा व दर्शन कराए जाने तथा नारियल चढ़ाने की पुरानी व्यवस्था समाप्त किए जाने पर भी आपत्ति जताई गई।

पुजारियों द्वारा भक्तों की ओर से प्रसादी स्वरूप चढ़ाया जाने वाला नारियल फोड़ने की बजाय पूरा ही रख लिया जाता है, जिसे बाद में प्रसाद बिक्री वाले व्यापारियों को बेच दिया जाता है। संघ की मांग है कि भक्त मंडल द्वारा की जाने वाली परम्परागत आरती पुनः गर्भगृह से करने की अनुमति दी जाए और सभी श्रद्धालुओं को समान रूप से गर्भगृह में दर्शन का अधिकार मिले।

मंदिर की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता लाई जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ही इस मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई नहीं की, तो भारत तिब्बत समन्वय संघ समस्त हिंदू समाज एवं धार्मिक संगठनों के साथ आंदोलन करने को विवश होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन का वाचन संघ के जिला महामंत्री जयदेव वर्मा ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री निर्माण सोलंकी, मालवा प्रान्तमंत्री जगदीश सेन, जिलाध्यक्ष आनंद सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष विनोद जैन, नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र चावड़ा, संजय पौराणिक, चामुंडा सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया, महावीर जैन, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, सुभाष शिंदे, सुनील गोस्वामी, छोटू पहलवान, नीरज व्यास, सुनील गौड़, अमित राव पवार, लक्की मक्कड़, दिनेश श्रीवास, विशाल, अमित विजयवर्गीय, उमेश सिंह, प्रेम वर्मा, सिद्धार्थ मोदी, इंदर सिंह, पप्पू महेश्वरी, महावीर जैन, पवन विजयवर्गीय, सुभाष मुकंदे सहित धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उक्त जानकारी भारत तिब्बत संघ के प्रचार प्रमुख शेखर कौशल ने दी।

## सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 12 से होगा



**देवास।** स्थानीय खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देवास शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में देवास शाजापुर संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी संदर्भ में देवास विधानसभा में 12 एवं 13 जनवरी को खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर शिक्षा विभाग में बैठक रखी गई। बैठक में सहायक संचालक एस एन प्रजापति, बीई ओ प्रमिला डावर ,प्रतियोगिता संयोजक विश्व मित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते, ने खेल शिक्षकों को आयोजन के दायित्व सौंपे। प्रतियोगिता संयोजक विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने बताया कि 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे सयाजी द्वार से खिलाड़ियों द्वारा नगर के विभिन्न मार्गो से ओलंपिक मैदान भोपाल रोड तक मार्च पास्ट निकाला जाएगा। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत सभी शासकीय एवं अशासकीय तथा सीबीएसई विद्यालयों के खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे। सभी विद्यालयों की टीम मार्च पास्ट में शामिल होगी। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल , खो खो , बैडमिंटन, रस्सा कसी, बास्केटबॉल, सॉफ्ट टेनिस, एथलेटिक्स एवं सॉफ्टबॉल को शामिल किया गया है। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी भारती नेक्या,मनीष जायसवाल ,महेश सोनी,विपुल चौहान ,विजय वर्मा सुनील चौधरी, एवं विभिन्न विद्यालयों के खेल प्रशिक्षक उपस्थित थे।

# निगम टीम ने प्रोसेसिंग प्लांट का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन मे स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के तहत नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन देवास की टीम द्वारा नगर परिषद सोनकच्छ कार्यालय मे सोनकच्छ एसबीएम की टीम के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 मे नगर परिषद सोनकच्छ द्वारा चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत कार्यो पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी आमदरदास सेनानी से सोनकच्छ नगर परिषद के वार्डो से कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से लिये जाने वाले गीले-सूखे कचरे के प्रबंधन, सफाई मित्रों के प्रशिक्षण एवं परीक्षण, बैकलेन सौंन्दर्यिकरण, रात्रिकालीन सफाई, शहर में शौचालय एवं मूत्रालय की स्थिति के साथ तालाब सफाई, शहर में लीटर बिन की व्यवस्था, पॉलीथिन प्रतिबंध आदि प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उल्लेखनिय है कि शासन द्वारा गत वर्ष सर्वे मे जिन शहरों द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण मे उत्कृष्ट कार्य किया है उन शहरों को जिले मे एक नगर पलिका/ नगर परिषद के साथ मिलकर ष्स्वच्छ शहर जोड़ी मे सोनकच्छ नगर परिषद को शामिल किया गया।

सोनकच्छ को भी स्वच्छता मे अव्वल रखने एवं स्वच्छता मे पूर्ण रूप से सुधार के लिये कार्य करने हेतु संयुक्त रूप से निर्देशित किया गया था। देवास स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत देवास निगम की टीम के द्वारा सोनकच्छ नगर परिषद मे स्वच्छता के सर्वेक्षण के लिये जो कमियां थीं, उन कमियों को दूर करने एवं स्वच्छता सर्वेक्षण गाईड लाईन एवं कार्यो के अनुसार कार्य करने के लिये व्यवस्थायें सुनिश्चित करने हेतु कहा। आयोजित हुई बैठक के दौरान नगर परिषद सोनकच्छ उपयंत्री जितेंद्र मारू, नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन से विश्वजीत सिंह, विशाल जोशी, दीपक अग्रवाल, अरुण तोमर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शहर की 17 बस्तियों में होंगे विराट हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश – हिन्दू समाज की एकजुटता, सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से देवास नगर में व्यापक स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन होगा। इस क्रम में रविवार 11 जनवरी को देवास नगर की 17 बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित होगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना को शताब्दी वर्ष होने पर आयोजित हो रहे इन सम्मेलनों में बस्ती में निवासरत पूरे हिन्दू समाज



की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु घर-घर जाकर पीले चावल, भगवा ध्वज एवं आमन्त्रण पत्रक दिए जा रहे है। रविवार को इटावा, विजयनगर, मुखर्जीनगर, रामनगर, मोती बंगला, नई आबादी, कैलादेवी, सनसिटी, नागदा, जवाहर नगर, कालानी बाग, बजरंगपुरा, तुलजा भवानी, राजाभाऊ महांकाल, राधागंज, आदर्श नगर एवं भोसले बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

हिन्दू सम्मेलनों की तैयारी हेतु बस्तियों में आयोजन समितियों द्वारा अक्षत कलश वितरण, भूमि पूजन, भगवा ध्वज स्थापना, भगवा यात्राएं, प्रभात फेरियां आदि आयोजन किए जा रहे है।इन सम्मेलनों में भारत माता पूजन एवं आरती, गो पूजन, शास्त्र पूजन, कलश यात्रा, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गणेश-सरस्वती वंदना पर नृत्य एवं पंचपरिवर्तन पर नाटिका जैसे संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सहभोज भी आयोजित हो रहे हैं। संत, मातृशशक्तियां, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वक्ता के रूप में भाग लेंगे। आगामी दिनों में देवास नगर की बची हुई 15 बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा शिशु विहार में विधिक साक्षरता शिविर किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में शिशु विहार हायर सेकेण्डरी स्कूल बालगढ़ रोड देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नशा मुक्ति पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें बच्चों द्वारा नशे के प्रति जागरूक रहने एवं नशा करने के दुष्परिणाम बताए।

शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की नशामुक्त भारत योजना, 2025 के संबंध में नशे के प्रति जागरूक करते हुए नशे से




दूर रहने, स्वस्थ शरीर की ओर ध्यान देने एवं नशे के शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणाम बताकर संपूर्ण जीवन में नशे से दूर रहने की सलाह दी साथ ही करियर पर ध्यान देने, बीड़ी, सिगरेट के अलावा सोशल मीडिया भी एक नशा है, जिससे दूर रहने हेतु जागरूक किया। पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड देवास कुंवर युवराज सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नशे के दुष्प्रचार से होने वाले दुष्परिणामों को बताया एवं स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों का भी नशे से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य मीना पटवर्धन सहित स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### इंदौर में निकलने वाली न्याय यात्रा को लेकर प्रभारी की उपस्थिति में हुई कांग्रेस की बैठक

# न्याय यात्रा में भागीदारी सुनिश्चित करने उपस्थित हो कांग्रेसी: दत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

11 जनवरी को इंदौर में निकलने वाली न्याय यात्रा को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश के सह प्रभारी संजय दत्त, सदाशिव यादव, अजीत सिंह की उपस्थिति में एवं शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में विगत दिनों इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 20 मौतों को लेकर निकलने वाली न्याय यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर संजय दत्त ने कहा कि देवास इंदौर के सबसे करीब है मेरा आप सब साथियों से अनुरोध है कि देवास से अधिक से अधिक साथी इंदौर पहुंचे एवं न्याय यात्रा में भाग ले।

इसी के साथ दत्त ने कहा कि भाजपा सरकार मौतों का आंकडां छुपा रही है। वहीं मृत्यु को अन्यत्र बीमारी से बता रही है जबकि सारी रिपोर्ट यह बता रही है की मौत दूषित पानी पीने से हुई है। वहीं सरकार के मंत्री अपशब्दों




का उपयोग करते हुए अपनी बात कह रहे हैं जो की निंदनीय है। इन सबको लेकर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर न्याय यात्रा निकली जा रही है जिसमें आपकी भागीदारी सुनिश्चित करना है और उपस्थिति सबसे अधिक होना चाहिए। इसी के साथ ही सदाशिव यादव अजीत सिंह ने भी कांग्रेस जनों से आग्रह किया कि आप सब पूरी तैयारी के साथ इंदौर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे एवं यात्रा को सफल बनाएं। कार्यक्रम के पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष गौतम जिला कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी ने यात्रा के चलने के संदर्भ में विस्तार से अपनी जानकारी देते हुए बताया कि साधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। बस हम सब अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में चले यही अपील है। इसी के साथ सड़क दुर्घटना में पूर्व गृहमंत्री वाला बच्चन की बेटी की मौत होने पर दो मिनट का मोन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक का संचालन सुधीर शर्मा ने किया है वह आभार रोशन रायकवार ने माना।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र मालवीय, मनोज राजानी, जय सिंह ठाकुर, रेखा वर्मा, प्रदीप चौधरी, राजवीर सिंह बघेल, शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा, रघुवीर सिंह बघेल, जाहिद पठान विक्रम मुकाती सुजीत सांगते विश्वजीत सिंह चौहान दिलीप सिंह बजेपुर रूपेश कल्याने प्रतीक शास्त्री सोदन सिंह ओड, सोहन पटेल, जितेंद्र गौड़, प्यारे मियां पठान, राधाकृष्ण सोलंकी, मंसूर शेख, दिलीप परमार, कल्याण पवार, इम्तियाज शेख भल्लू, रविंद्र सोनी, नरेंद्र यादव लल्ला, मनोज हेतावल, मनोज सांगते, पंकज वर्मा, श्रीकांत चौहान, मुरलीधर गुप्ता, महेंद्र घारू, रितेश सांगते, नईम अहमद अविनाश जेठवा, यशवंत कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# सुफलाम व किरण सेवा ने स्कूल के बच्चों को बांटी ऊनी स्वेटर



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विकासखंड के शासकीय प्राथमिक विद्यालय इकलेरा के बच्चों को सुफलाम सेवा न्यास एवं किरण सेवा न्यास इंदौर के सहयोग से 69 ऊनी स्वेटर भेंट की गई।

शीतलहर के दौरान बच्चों को उनी वस्त्र भेंट करते हुए इंदौर की दोनो संस्था के प्रमुख पवन श्रीमाल ने कहा कि ठंड के मौसम में गर्माहट पाकर बच्चों के चेहरे पर जो खुशी दिखी वह हमारे लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद है। इस सेवा कार्य मे शिक्षिका दुर्गा पाटीदार निवासी भमोरी वर्तमान में मा. वि. करही जिला खरगोन में पदस्थ का विशेष प्रयास रहा। स्वेटर वितरण के अवसर पर बतौर अतिथि गाँव की सरपंच चम्पालाल पाटीदार व विद्यालय परिवार ने संस्था सुफलाम सेवा न्यास व किरण सेवा न्यास के सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक जयराम पाटीदार, शिक्षिका प्रियंका यादव व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### हाईवे से लगी सरकारी जमीन पर है नजर, 50 मीटर की दूरी में निकाले 3 प्रवेश द्वार

# कॉलोनाइजर की मंशा पर प्रशासन सख्त निजी हितों में नहीं कर पाएंगे उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

किसी निजी कॉलोनी से लगी सरकारी भूमि हो और उस पर कॉलोनाइजर की गिद्ध दृष्टि न हो ऐसा कम ही देखने को मिलता है। वह किसी भी तरह सरकारी भूमि को लाभ अपने निजी हितों को साधने में लगाने के भरसक प्रयास करता है । कुछ यही हाल माचलपुर की विद्याधाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर के भी है।




राजस्व जमीन पर कब्जा जमाने विद्याधाम कॉलोनी ने 50 मीटर में दिए 3 इंट्रेस गेट
रेसीडेंसियल कॉलोनी में बना कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स

उन्होने बिना किसी अनुमति के 50 मीटर में 3 प्रवेश द्धारा दिए है जिनसे बहां पर मौजूद प्लॉट की कीमत तो बढ ही गई अपितु कॅमर्शियल कॉपलेक्स बनाए जाने के बाद सरकारी भूमि पर वाहन पार्किंग की मंशा नजर आ रही है। करोडों रूपए की सरकारी जमीन के चक्कर में ही पिछले कुछ समय पहले कॉलोनी द्धारा किया गया अवैध अतिक्रमण की बाउंड्री बॉल को प्रशासन ने तोडनें के साथ साथ कॉलोनाइजर पर जुर्माना भी लगाया गयां थां।

### विकास शुल्क भी नहीं किया जमा सीएमओ बोले देंगे नोटिस

*नगरीय क्षेत्र माचलपुर में विद्याधाम कॉलोनी तो डेव्हलप कर ली परंतु नगर पंचायत का विकास शुल्क आज तक नहीं दिया गया। इस बारे में जब सीएमओ देवेन्द्र वत्स से बात की गई तो उन्होनें कहा की इनकी फाइल दिखवा लेते हैं और विकास शुल्क को लेकर जल्दी ही नोटिस जारी किया जावेगा।*

### नायब तहसीलदार बोले नहीं होने देंगे कब्जा

*शासकीय जमीन पर कब्जे की बात पर माचलपुर नायब तहसीलदार ने कहा की हमने पूर्व में भी कार्रवाई की है और भविष्य में भी यदि सरकारी जमीन का निजी हितों में उपयोग किया तो कॉलोनाइजर पर कार्रवाई की जावेगी।*

### कंपनियां उपलब्ध कराएंगी रोजगार

## 12 जनवरी को लगेगा रोजगार मेला 70 कंपनियां आएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले रोजगार मेले को लेकर युवाओं में खासे उत्साह का माहौल है। रोजगार मेले हेतु अब तक साढ़े पांच हजार से अधिक युवाओं द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। इसके साथ ही 70 से अधिक कंपनियां इस रोजगार मेले में सम्मिलित होने जा रही हैं। इन कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। प्रशासन द्वारा रोजगार मेले की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।

प्रशासन द्वारा जिले के अधिक से अधिक युवाओं से अपील की गई है कि वे पंजीयन करवाकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं। जो कंपनियां मेले में सम्मिलित होने जा रहे हैं उनमें एसआईएस लिमिटेड, गुडविल इंडिया मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कंपनी, रिलायंस रिटेल, टेक्नोटास्क, टीम एचआर, एसएमसी इंटीग्रेटेड, विशाल मेगा मार्ट, कैलिब एचआर, टीम लीज, पेटीएम, वीई कमर्शियल भोपाल, सुरना मोटर्स, युवा शक्ति फाउंडेशन, वैकमेट इंडिया लिमिटेड, सागर मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड, तमोट, रायसेन, अनंत स्पिनिंग मिल्स, रायसेन, परमल्ली वालेस, मंडीदीप, यशस्वी ग्रुप, होम हेल्प सेंटर, मंडीदीप, टेस्ला ट्रांसफॉर्मर प्राइवेट लिमिटेड, आईपीसीए लैबोरेटरीज लिमिटेड, अल्फा प्रोटीन, किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड देवास, कमिंस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, देवास, आई डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अहमदाबाद सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं।

### मंत्री टेटवाल, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

## 12 जनवरी को सारंगपुर में होगा वृहद युवा संगम रोजगार मेला



**सारंगपुर।** 12 जनवरी को सारंगपुर में आयोजित होने वाले वृहद "युवा संगम रोजगार मेले" की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल, कलेक्टर गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने कृषि उपज मंडी परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात जनपद पंचायत कार्यालय में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेला व्यवस्थाओं, सुरक्षा, पंजीयन, कंपनियों की व्यवस्था, दिव्यांगजनों की सुविधा सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

#### प्रेस कांफ्रेंस में दी गई जानकारी

बैठक के बाद मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि यह रोजगार मेला जिले के युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। अब तक 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां मेले में पंजीकृत हो चुकी हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 13,000 पदों पर युवाओं का चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि इस मेले में 10वीं उत्तीर्ण से लेकर स्नातक तक की योग्यता रखने वाले 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। 11,000 से युवा पंजीकरण करवा चुके हैं और यह संख्या बढ़ रही है।

#### दिव्यांगजनों को विशेष अवसर

मंत्री टेटवाल ने बताया कि इस मेले में दिव्यांगजनों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। 8 कंपनियां विशेष रूप से दिव्यांगजनों को रोजगार देने के लिए पंजीकृत हैं। इसके साथ ही 8 जनवरी को दिव्यांगजनों हेतु विशेष कार्यशाला आयोजित की जा रही है, जिसमें उन्हें इंटरव्यू, रोजगार से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### भारत माता के जयकारे गूंजे

## हिंदू सम्मेलन से पहले निकाली गई वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

आगामी भव्य हिन्दू सम्मेलन के पूर्व नगर में आज विशाल वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान नगर भारत माता की जय के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण देशभक्ति व धार्मिक उल्लास से भर गया।

वाहन रैली स्थानीय स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। युवाओं में खासा जोश देखने को मिला, जिन्होंने हाथों में ध्वज लेकर अनुशासित ढंग से रैली में सहभागिता की। आयोजन समिति के अनुसार रैली का उद्देश्य आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले भव्य हिन्दू सम्मेलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। समिति ने सफल रैली के लिए सभी युवाओं एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

## राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले पूर्व सेल्समैन पर एफआईआर दर्ज

### भोजपुर क्षेत्र के डोरियाखेड़ी राशन वितरण केंद्र का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/राजगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र उपभोक्ताओं को राशन का वितरण न करते हुए करीब 10 लाख की गड़बड़ी करने वाले पूर्व सेल्समेन पर खाद्य विभाग ने मुकदमा दायर करवाया है। विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर भोजपुर थानाक्षेत्र की डोरियाखेड़ी राशन दुकान के सेल्समेन पर यह एफआईआर दर्ज की गई है।

#### क्या था पूरा मामला

शासकीय उचित मूल्य की दुकान डोरियाखेड़ी के पूर्व विक्रेता रघुनंदन शर्मा द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान गेहूं, चावल, नमक, शक्कर की बड़ी मात्रा में गड़बड़ी पाई गई थी। विक्रेता शर्मा द्वारा उनकी दुकान के लिए आवंटित राशन खाद्यान सामग्री का विक्रय पात्र उपभोक्ताओं को न करते हुए अन्यत्र बेचना एवं खुर्दबुर्द किया जाना पाया गया। उक्त प्रकरण की जांच के दौरान पूर्व में भी संबंधित दुकान से जुड़े अन्य विक्रेताओं के विरुद्ध अनियमितता प्रमाणित हुई थी, जिनसे नियमानुसार वसूली की कार्यवाही की गई। जबकि, रघुनंदन शर्मा उनके कार्यकाल में पाए गए खाद्यान अंतर की राशिन 10 लाख 56 हजार 605 रुपए जमा नहीं करवाई गई। ऐसे में विभाग की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अस्मिता गुप्ता द्वारा प्रकरण से संबंधित समस्त जांच प्रतिवेदन, वसूली आदेश, स्टॉक में अंतर विवरण एवं आवश्यक दस्तावेज पुलिस को सौंपे गए। इस आधार पर भोजपुर थाने में रघुनंदन शर्मा पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत यह प्रकरण पंजीबद्ध किया है। प्रशासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

#### हरिभूमि ने जिले की कई राशन दुकानों में करोडों के घोटाले को किया था उजागर

कोरोना के समय का बताकर ब्यावरा व राजगढ ब्लॉक की कई राशन दुकानों से विभाग के जेएसओं ने हजारों टन राशन पीओएस मशीनों से हटा दिया था। जिसको लेकर तात्कालीन जेएसओ स्वाती वायकर हमेशा जबाब देने से बचती रहीं। खासकर ब्यावरा व राजगढ की राशन दुकानों में ज्यादा राशन पीओएस मशीनों से हटाया गया था उस समय जेएसओ स्वाती वायकर के पास दोनों ब्लॉक का चार्ज था ऐसे में जब उनको इन ब्लॉक से हटने के बाद ही राशन दुकानदारों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। जिले में करोडों के राशन हो हटाने की खबर सबसे पहले हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी परंतु कार्रवाई में लंबा समय लगा।

### ड्राइवर को आई चोट, भर्ती

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर पलटी



**खिलचीपुर।** खिलचीपुर में गुरुवार को तेज रफ्तार का खतरनाक नतीजा सामने आया। जालमपुरा गांव के पास बिजली ग्रिड के समीप एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और मिट्टी के ढेर पर चढ़ने के बाद उछलते हुए करीब 25 फीट दूर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में वाहन चला रहे ड्राइवर के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि साथ बैठा व्यक्ति सुरक्षित बच गया। पचोर निवासी महेश गुप्ता अपने परिवार के साथ सफेद स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 09 सीएन 1471 से खिलचीपुर एक मृत्यु भोज कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम में जाने के बाद उनके ड्राइवर होकम चारण स्कॉर्पियो लेकर पास के बरुखेड़ी गांव में अपने मामा से मिलने चले गए। कुछ समय रुकने के बाद वह अपने रिश्तेदार अजय चारण को साथ लेकर वापस खिलचीपुर लौट रहे थे।

#### हवा में उछली कार दूर जाकर पलट गई

इसी दौरान जालमपुरा बिजली ग्रिड के पास पहुंचते ही वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया। तेज गति से सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेर पर चढ़ने के बाद स्कॉर्पियो हवा में उछली और सड़क से नीचे गड्ढे में 25 फिट दूर पलट गई। हादसे में खुजनेर थाना क्षेत्र के देवली गांव निवासी ड्राइवर होकम चारण के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि वाहन में सवार अजय चारण को कोई चोट नहीं आई। हादसा होते देख वहां से गुजर रहे एक ग्रामीण ने तत्काल मदद करते हुए वाहन में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकाला। घायल ड्राइवर को तत्काल खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही वाहन मालिक महेश गुप्ता और उनका परिवार व रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद कुछ देर तक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### तीन घंटे तक बंद कमरों में खंगाली फाइलें

## सारंगपुर सिविल अस्पताल में कलेक्टर का औचक निरीक्षण

### 17 कर्मचारियों की सैलरी काटने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राजगढ़ जिले के कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने सोमवार को सारंगपुर सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर करीब तीन घंटे तक अस्पताल के विभिन्न कक्षों में फाइलों एवं दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल करते रहे। इस दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र, स्टोर शाखा और लेखा शाखा के कक्षों में कमरे बंद कर आवश्यक रिकॉर्ड खंगाले गए। निरीक्षण के समय अस्पताल परिसर में हड़कंप की स्थिति बनी रही। कलेक्टर ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कई कर्मचारियों को कड़ी फटकार भी लगाई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रोहित बम्होरे, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में कई कर्मचारी नियमित रूप से ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज नहीं कर रहे थे। ऐसे कुल 17 कर्मचारियों की पहचान की गई है, जिनकी सैलरी काटने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपस्थिति की ऑनलाइन व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाएगा।इसके साथ ही कलेक्टर ने सफाईकर्मियों एवं आउटसोर्स के माध्यम से लगाए गए कर्मचारियों की भी ई-अटेंडेंस अनिवार्य रूप से दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। अस्पताल में भुगतान प्रक्रिया को लेकर भी उन्होंने निर्देश जारी किए कि सभी प्रकार के पेमेंट संबंधित शाखा प्रभारी एवं सीएमएचओ कार्यालय के माध्यम से ही किए जाएंगे। कलेक्टर के इस औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में अनुशासन कायम होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है और व्यवस्थाओं में सुधार की कवायद तेज हो गई है।

### हरे भरे पेड़ों को काटकर ठिकाने लगाने लाए

## अवैध लकड़ी का मिला जखीरा माफिया के हौसले हो रहे बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास




क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं की सक्रियता एक बार फिर चर्चा में है। ताजा मामला लखनवास स्थित शिवहरे वेयर हाउस के पीछे बडली का है जहाँ भारी मात्रा में अवैध लकड़ी लावारिस हालत में छिपाकर रखी गई है। सूत्रों के अनुसार यह लकड़ी कीमती प्रजातियों की है जिसे हरे भरे पेड़ो को काटकर यहाँ ठिकाने लगाने के उद्देश्य से स्टोक किया जाता है और बादमें यह से ट्रक भर कर बाहर भेजा जाता है।

#### लगभग एक ट्रक बबूल गुराड़ की कीमती लकड़ी

हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में लकड़ी खुले मैदान में लावारिस की तरह पड़ी है लेकिन अभी तक किसी भी विभाग की इस पर नजर नहीं पड़ी। वेयर हाउस के पिछले हिस्से का फायदा उठाकर लकड़ी माफिया ने इसे छिपा दी। रात के अंधेरे में वाहनों की आवाजाही यहाँ कम हो जाती है उस समय अवैध लकड़ी का कारोबार खुलेआम चलता है

#### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

क्षेत्र में इस तरह अवैध लकड़ी का भंडारण होना वन विभाग ओर राजस्व विभाग पर भी सवाल उठता है । क्या विभाग को इसकी भनक नहीं है या जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? शिवहरे वेयर हाउस के पीछे लखनवास। अवैध और लावारिस हालत में रखी लकड़ी। वन संपदा की तस्करी और बड़े माफिया का हाथ। वन विभाग और जिला प्रशासन तुरंत मौके पर पहुँचकर लकड़ी को जब्त करे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाया तो क्षेत्र के जंगलों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

### गुरुवार को 4.6 डिग्री दर्ज किया गया जिले का न्यूनतम तापमान

## दिन में खिली धूप के चलते सर्दी के सितम से हल्की राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पिछले दिनों पूरे प्रदेश में सबसे कम 2.0 डिग्री तक लुढ़का जिले का तापमान अब उछाल मारते हुए 4.6 डिग्री तक पहुंच चुका है। तापमान में उछाल से भीषण सर्दी की मार झेल रहे लोगों में थोड़ी राहत की सांस ली है। इसके साथ ही दिन के समय निकल रही धूप के चलते भी कड़ाके की सर्दी से परेशान लोग काफी हद तक सुकून महसूस कर रहे हैं।

दिन में खिल रही धूप ने पाले के संभावित संकट से जूझ रहे किसानों को भी काफी राहत प्रदान की है। हालांकि, शाम होते ही मौसम का मिजाज बदल रहा है और शाम 6 बजे के बाद से ही सर्दी का फिर से अपना असर दिखा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो-तीन दिन मौसम इसी तरह का बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों घने कोहरे, कोल्डवेव और भीषण सर्दी को देखते हुए जिला प्रशासन को कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित करना पड़ा था। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा पाले से फसलों को बचाने किसानों के लिए एडवाईजरी भी जारी की गई थी।

#### बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| | |
|---|---|
| 08 जनवरी | 4.6 |
| 07 जनवरी | 4.5 |
| 06 जनवरी | 2.0 |
| 05 जनवरी | 5.8 |
| 04 जनवरी | 5.0 |
| 03 जनवरी | 8.2 |
| 02 जनवरी | 9.0 |

## हिंदू सम्मेलन के लिए निकाली जा रही प्रभात फेरी का पुष्प बिछा किया स्वागत

### नागरिकों को प्रेरित करने के कर रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



आगामी 19जनवरी को आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर आम नागरिकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा वर्ग शामिल होकर भक्ति रस में रम रहें हैं। नगर के विभिन्न गली मोहल्लों धार्मिक स्थलों से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें हिन्दू जागृति , भजन कीर्तन करते हुए बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा निकल रहें जो बीच बीच में भगवान के जयकारे लगाते चलते हैं। इस कड़ी में गुरुवार प्रातः नगर के सबसे व्यस्ततम इंदर चौराहा से पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तक धार्मिक भक्तों ने मुख्य रोड पर प्रभात फेरी के सदस्यों के लिए पुष्प बिछाकर आत्मिय स्वागत किया तथा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर चाय पीला कर स्वागत किया।

## 73 वर्ष की आयु में दुर्गाबाई नागर का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



चंपी मोहल्ला निवासी केलाशचंद्र,रमेशचंद्र की भाभी जितेंद्र नागर(राजू) विधायक के निजी सचिव वा विजय नागर की माता दुर्गा बाई नागर का 73 वर्ष की आयु में निधन गुरुवार को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास चंपीमोहल्ला से 12 बजे निकाली गई जो स्थानीय मुक्तिधाम पहुंची जहां पर विधि विधान एवं मंत्र उपचार के साथ उनके जेस्ट पुत्र द्वारा मुखाग्नि दी गई। दुर्गाबाई अपने पीछे भरा पूरा परिवार नाती पंती शंती छोड़कर गई है। स्थानीय मुक्तिधाम परिसर में ब्राह्मण समाज सहित नगर के गणमान्य नागरिक मीडिया कर्मी व परिवार जनों रिश्तेदार नातेदार सहित उपस्थित नागरिकों द्वारा शोकसभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।